Rd & upload 12/6/15

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्व विभाग,उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा- 2015

जनपद का नाम - उन्नाव | **परीक्षा का नाम - लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या -4021 /सात-भूलेख- | **दिनांक 17 जून, 2015**

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अंतिम तिथि - 22 जुलाई , 2015

परीक्षा शुल्क बैंक मे जमा करने की अंतिम तिथि - 21 जुलाई, 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण -

क्रम सं0	पद नाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	~~सामान्य जाति~~ संशोधित अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनु0 जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40वर्ष	रू 5200-20200(ग्रेड पे- 2000)	173	139	16	09	09	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा मे उत्तीर्ण	1- प्रादेशिक सेना मे न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी " प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1 लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथासंशोधित 2014 एवं समय-2 पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2 दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है ,साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है । अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति , अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाले श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित,उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3 आनलाइन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें। ~~सामान्य~~ अनारक्षित और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/- (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/- (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई-चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष मे देय होगा,जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4 प्रदेश के सभी जनपदों मे परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बंध मेकोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5 परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बंधी जानकारी के सम्बंध मे तिथि,समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा,जो कि परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.inऔर जिले की वेवसाइट http://unnao.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6 आनलाइन आवेदन का प्रारूप ,आफ लाइन परीक्षा सम्बंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.inऔर जिले की वेवसाइट http://unnao.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

(सौम्या अग्रवाल)
अध्यक्ष चयनसमिति /
जिलाधिकारी उन्नाव

संख्या समदिनांकित ।
प्रतिलिपि-

1- जिला सूचना अधिकारी ,उन्नाव को दो प्रतियों मे इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को अमर उजाला व हिन्दुस्तान दैनिक समाचार–पत्र मे शासकीय दरों पर तत्काल प्रकाशित करायें तथा प्रकाशित विज्ञप्ति की दो-दो प्रतियां अभिलेख हेतु उपलब्ध करायें।

2 जिला सेवायोजन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3- जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ,उन्नाव को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अध्यक्ष चयनसमिति /
जिलाधिकारी उन्नाव

कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव।

संख्याः 4026 /सात–भूलेख दिनांकः 19 जून, 2015

शुद्धि–पत्र

विज्ञापन संख्या–4021/सात–भूलेख दिनांक 17.06.2015 मे लेखपाल भर्ती–2015 हेतु प्रकाशित विज्ञापन मे सामान्य जाति के स्थान पर अनारक्षित शब्द पढ़ा जाये।

(सौम्या अग्रवाल)
अध्यक्ष चयन समिति/
जिलाधिकारी उन्नाव।

संख्या समदिनांकित
प्रतिलिपि–

1. जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को दो प्रतियों मे इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त शुद्धि पत्र को अमर उजाला व हिन्दुस्तान दैनिक समाचार–पत्र मे शासकीय दरों पर तत्काल प्रकाशित कराये तथा प्रकाशित शुद्धि पत्र की दो–दो प्रतियॉ अभिलेख हेतु उपलब्ध कराये।
2. जिला सेवायोजन अधिकारी, उन्नाव को सामान्य जाति के स्थान पर अनारक्षित शब्द संशोधित किये जाने हेतु ।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उन्नाव को सामान्य जाति के स्थान पर अनारक्षित शब्द संशोधित किये जाने हेतु ।

19/6/15

अध्यक्ष चयन समिति/
जिलाधिकारी उन्नाव।